मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति
संख्या–cm-113
24/02/2025

# भागलपुर में आयोजित पी0एम0 किसान सम्मान निधि हस्तांतरण समारोह में प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 24 फरवरी 2025 :– भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में आज आयोजित पी0एम0 किसान सम्मान निधि हस्तांतरण समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पी0एम0 किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की, इसके तहत 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने वारिसलीगंज–नवादा–तिलैया (36.45 कि0मी0) रेल खंड के दोहरीकरण कार्य, इसमाइलपुर–रफीगंज रोड ओवर ब्रिज, मोतिहारी में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत स्वदेशी नस्लों के लिए उत्कृष्टता केंद्र तथा बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयंत्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 10,000 किसान उत्पादक संगठनों को राष्ट्र को समर्पित किया।

कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एन0डी0ए0 सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेंद्र मोदी जी हमालोगों के बीच आज भागलपुर आये हैं। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्वागत करता हूं। यहां उपस्थित सभी लोगों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं। ये हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बिहार से देशभर के किसानों के लिये किसान सम्मान निधि की राशि उनके खाते में भेजी जा रही है, इसमें बिहार के 76 हजार से अधिक किसान भी शामिल हैं। यह केंद्र सरकार की बहुत महत्वपूर्ण योजना है जिसमें सीधा किसानों को फायदा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शुरू से ही कृषि पर जोर दिया है। इसके लिये कृषि रोड मैप बनाकर कृषि विकास कार्यक्रम चलाये गये। वर्तमान में चौथा कृषि रोड मैप क्रियान्वित है। कृषि रोड मैप लागू करने से कृषि का उत्पादन काफी बढ़ा है। साथ ही दूध, अंडा, मांस एवं मछली का उत्पादन भी बहुत बढ़ गया है। पहले हम यहां मछली दूसरे राज्यों से मंगाते थे। अब मछली के उत्पादन में हम आत्मनिर्भर हो गये हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है और बिहार के विकास में भी इनका सहयोग मिल रहा है। पिछले बजट में बिहार के लिये आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये बड़ी राशि देने की घोषणा की गई। इस वर्ष के बजट में भी बिहार में मखाना बोर्ड, ग्रीन फिल्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिये वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय स्तर के प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना एवं पटना आई0आई0टी0 के विस्तार की घोषणा की गई। पिछले बजट में भी सरकार बनने के बाद भी बिहार को सहायता दी गयी थी। इन सब चीजों के लिये मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं, धन्यवाद देता हूं। बिहार की प्रगति में केंद्र का सहयोग सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग यहां 24 नवंबर 2005 को सरकार में आये। हमलोगों की सरकार बनी थी तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं और सभी क्षेत्रों में तेजी से

विकास हो रहा है। जब हमलोग पहली बार सरकार में आये थे तो उस समय क्या स्थिति थी? शाम के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था, ये बुरा हाल था। समाज में हिंदू–मुस्लिम का भी झगड़ा वो लोग कराते रहते थे। वोट मुस्लिम का ले लेते थे लेकिन झगड़ा होते रहता था। पढ़ाई की स्थिति खराब थी। उनलोगों के कार्यकाल में इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। सड़कें बहुत कम थीं और जो सड़कें थीं उनका बुरा हाल था। बिजली तो बहुत कम थी। देहाती इलाकों में कहां बिजली थी? राजधानी पटना में मुश्किल से 8 घंटे बिजली रहती थी। सरकार में आने के बाद हमलोगों ने काफी काम किया। राज्य में कहीं भी भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम, भाईचारा और शांति का माहौल है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी सहित सभी क्षेत्रों में काफी काम किया गया है। वर्ष 2005–06 में राज्य का बजट मात्र 28 हजार करोड़ रुपया था। हमलोगों की सरकार तो 24 नवंबर 2005 में आई थी। हमलोगों ने लगातार काम किया और अब बिहार का बजट 3 लाख करोड़ से अधिक का हो गया है। प्रधानमंत्री जी का सब तरह से सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हम प्रगति यात्रा में सभी जिलों में गये। सभी जिलों में विकास के कामों को देखा, जहां पर जो काम बचे या कमी रह गई उसका आंकलन किया गया। आप जानते हैं कि 400 से अधिक नई योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, जिन पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। हमलोगों ने देख लिया है, जहां–जहां जो कमी रह गई है उसको पूरा किया जायेगा। हमलोग मिलकर काम करेंगे और बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना पूरा करेंगे। देश को विकसित बनाने में हमलोग अपना योगदान देंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी आ गये हैं, तो इस क्षेत्र के विकास के लिये भी और काम होगा। पूरे बिहार के विकास के लिये काम होगा। ये पूरे देश के विकास के लिये काम कर रहे हैं। पूरे देश में इन्हीं के नेतृत्व में आगे और काम बढ़ेगा। हमलोग मिलकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही जिस तरह से बिहार के लिये हमलोग काम कर रहे हैं, अगली बार जो चुनाव होनेवाला है उसमें भी आपलोगों से यही उम्मीद करते हैं कि जैसे पहले सहयोग दिया था, फिर उसी तरह से पूरा सहयोग दीजियेगा।

कार्यक्रम से पूर्व आयोजित रोड शो में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार भी शामिल हुये।

कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय पंचायती राज सह मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह, केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

******